RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : बुधवार 27 नवंबर 2024 वर्ष 06 अंक 223 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई/ सीएनजी की कीमतों में दो रुपए की बढ़ोत्तरी...



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# इस शख्स के फैसले पर टिका है महाराष्ट्र का नया सीएम !

## रेस में शिंदे, फड़णवीस, पवार तीनों...

### आखिर कौन होगा...?



**ठाणे :** महायुति ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए 232 सीटें जीती हैं. लेकिन इस ऐतिहासिक जीत के 72 घंटे बाद भी मुख्यमंत्री कौन है? इस सवाल का जवाब राज्य की जनता को नहीं मिला है. बताया जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, जो कि महायुति में घटक दल है, इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। हालाँकि, विधानसभा का कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है, विधानसभा भंग करने के लिए एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना होगा, इसलिए नए मुख्यमंत्री को जल्द से जल्द चुनना होगा। वहीं अब मुख्यमंत्री पद को लेकर फैसला कौन लेगा इसकी जानकारी सामने आ गई है.


**'यह' व्यक्ति तय करेगा कि मुख्यमंत्री कौन होगा**

महाराष्ट्र में महागठबंधन की शानदार जीत के बाद अब सवाल पूछा जा रहा है कि मुख्यमंत्री कौन होगा. महायुति की जीत के 72 घंटे बीत जाने के बावजूद राज्य में नए मुख्यमंत्री और नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह अभी तक नहीं हुआ है. दोनों पार्टियों के नेताओं के बयान से पता चल रहा है कि बीजेपी और शिवसेना के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान चल रही है. दूसरी ओर, यह पता चला है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर आखिरकार बीजेपी नेता और गृह मंत्री अमित शाह ही फैसला लेंगे.

### वास्तव में फड़णवीस का दिल्ली दौरा किस लिए है?

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस सोमवार रात दिल्ली पहुंचे और संक्षिप्त दौरे के बाद रात में मुंबई लौट आए. हालांकि, ''राज्य की राजनीति को लेकर आज दिल्ली में कोई बैठक नहीं होगी,'' फड़णवीस ने सोमवार रात दौरे के बारे में बात करते हुए स्पष्ट किया। फड़णवीस के इस दौरे के बाद चर्चा है कि महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर सस्पेंस बढ़ गया है. फड़णवीस ने कहा था, ''मैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के घर के कार्यक्रम के लिए दिल्ली आया हूं. आज रात मेरी किसी से कोई मुलाकात नहीं है.'' रात में ही देवेन्द्र फड़णवीस दोबारा मुंबई लौट आए. हालांकि आज दिल्ली में महायुति की बैठक होगी या नहीं, इसे लेकर कोई स्पष्टता नहीं है, लेकिन कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री का फैसला आज हो जाएगा।

## 18 मंजिला वर्टेक्स सोलियार बिल्डिंग की 15वीं मंजिल पर भीषण आग...



**ठाणे :** कल्याण स्थित एक सोसाइटी की 18 मंजिला वर्टेक्स सोलियार बिल्डिंग की 15वीं मंजिल पर मंगलवार की शाम भीषण आग लग गई। बिल्डिंग में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। ठाणे के अतिरिक्त सीपी संजय जाधव ने कहा कि फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंच गई है और बचाव कार्य जारी है। महाराष्ट्र के कल्याण अधारवाड़ी इलाके में स्थित हाईप्रोफाईल वैरटेक्स सोसायटी की 15वी मंजिल की एक फ्लैट मे भीषण आग लगने की घटना घटी है।

## नाबालिग लड़की से रेप... फिर वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर

### नवी मुंबई में दिल दहलाने वाली घटना

**नवी मुंबई :** राज्य में महिलाओं और नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। जहां ऐसी घटना में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, वहीं नवी मुंबई से बेहद चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। स्पा में नौकरी दिलाने का लालच देकर एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया गया। इसके बाद पीड़िता को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। नेरुल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित लड़की की उम्र 14 साल है। आरोपियों में से एक महिला पीड़ित लड़की को स्पा में नौकरी दिलाने का लालच देकर स्पा में ले गई, जहां स्पा मालिक और एक अन्य व्यक्ति ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया। यह घटना 21 से 31 अगस्त 2024 के बीच हुई थी। इस मामले में पीड़िता की शिकायत के आधार पर पांच लोगों पर बीएनएस और पॉक्सो अधिनियम के तहत बलात्कार, धमकी और अन्य अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया है। नेरुल पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और मांग की गई है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा...

### राज्यपाल ने शिंदे सरकार के कार्यकाल की सराहना की

**मुंबई :** विधानसभा चुनाव में महायुति को बड़ी सफलता मिली है और सरकार बनाने की कवायद चल रही है. इस बीच अब मामले में तेजी आ गई है और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उपमुख्यमंत्री राजभवन पहुंच गए हैं. विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है और प्रोटोकॉल के तहत मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दे दिया है. इस मौके पर दोनों उपमुख्यमंत्री राजभवन में मौजूद रहे. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्यपाल से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप दिया.



राज्य में नई सरकार बनने तक एकनाथ शिंदे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करेंगे। राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया. उनके साथ उपमुख्यमंत्री और कुछ मंत्री भी थे. एकनाथ शिंदे ने राज्यपाल को धन्यवाद दिया. राज्यपाल ने शिंदे सरकार के कार्यकाल की सराहना की.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### क्षमता केंद्रों को मिले सक्षम माहौल...

बीते कुछ वर्षों में कारोबारी सेवा क्षेत्र में घटित कुछ अहम और उत्साहजनक घटनाओं में से एक है समग्र 'वैश्विक क्षमता केंद्रों' यानी जीसीसी का विकास जो बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए मददगार साबित होते हैं। इनमें से कई भारत में स्थित हैं या उन्हें भारत में बनाने की योजना है। यह दर्शाता है कि भारत के घरेलू क्षेत्र का दायरा बढ़ा है और उसके मूल्यवर्धन में भी अहम इजाफा हुआ है। स्वाभाविक सी बात है कि प्रस्तावित जीसीसी के लिए तय स्थानों की बात करें तो एक स्वस्थ घरेलू प्रतिस्पर्धा नजर आती है। कर्नाटक सरकार ने पहले ही जीसीसी पर केंद्रित एक रणनीति जारी कर दी है। अब मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने घोषणा की है कि राज्य सरकार की योजना जीसीसी के लिए तीन पार्क बनाने की है। ये पार्क बेंगलूरु, मैसूरु और बेलागावी में बनाए जाने हैं।

जीसीसी पर सिद्धरमैया का ध्यान उपयोगी भी है और आवश्यक भी। सूचना प्रौद्योगिक सक्षम सेवा क्षेत्र की बात करें तो लंबे समय से बेंगलूरु को उनका घर माना जाता रहा है लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि बीते कुछ वर्षों में इसके तकनीकी, शासन और कॉर्पोरेट विकास के क्षेत्र में पीछे रह जाने का जोखिम उत्पन्न हो गया है। परंतु यह भी समझने की आवश्यकता है कि किसी भी अन्य राज्य की तरह कर्नाटक में भी जीसीसी के विकास के लिए बुनियादी आवश्यकताएं वही हैं जो व्यापक रूप से हर नए निवेश, खासकर विदेशी निवेश के लिए जरूरी होती हैं। इनमें जमीन की उपलब्धता, उन्नत अधोसंरचना, सड़कें, विश्वसनीय और किफायती बिजली आपूर्ति (नवीकरणीय ऊर्जा हो तो बेहतर), और विवादों का आसानी से निपटारा शामिल हैं। अतीत में कर्नाटक सरकार का प्रदर्शन इन मानकों पर बहुत अच्छा नहीं रहा है। कई बार कर्नाटक कर और नियामकीय विवादों के लिए सुर्खियों में रहा है। राज्य का ध्यान स्पष्टता बढ़ाने पर केंद्रित होना चाहिए, न कि उसे कम करने पर। कारोबारी सेवाओं में मूल्य श्रृंखला में बेहतरी की बात करें तो शहरीकरण एक अहम कारक है। कुछ अनुमानों के मुताबिक देश के कुल आईटी और आईटी सक्षम सेवा निर्यात में 85 फीसदी चार राज्यों महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु से होता है। जीवंत शहरी केंद्रों की उपस्थिति ही इसे संभव करती है। कर्नाटक की वर्तमान सरकार संतुलित क्षेत्रीय विकास की महत्ता पर जोर देती है लेकिन उसे यह भी समझना चाहिए कि विश्वस्तरीय शहरी केंद्र ही निवेश आकर्षित करते हैं।


editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई/ सीएनजी की कीमतों में दो रुपए की बढोत्तरी

## ऑटो का सफर हो सकता है महंगा...

**मुंबई :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजों की सरगर्मी के बाद अब लोगों की जेब से जुड़ी खबर आई है। महानगर गैस लिमिटेड ने सीएनजी के प्राइस को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। एमजीएल ने सीएनजी पर दो रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से प्राइस को बढ़ाया है। यानी अब से आपको सीएनजी की कीमत दो रुपये बढ़ी हुई मिलेगी। हालांकि एमजीएल पाइप कुकिंग गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अब पंप पर आपको नई कीमत के साथ सीएनजी उपलब्ध होगी। इस हाइक के पहले 1 किलोग्राम सीएनजी की कीमत 75 रुपये की पड़ती थी। वहीं अब इस बढ़त के बाद आपको 1 किलो सीएनजी के लिए 2 रुपए ज्यादा यानी 77 रुपये देना होगा। वहीं पाइपला- इन गैस पहले के प्राइस यानी 48 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से देना होगा। इसकी जानकारी एमजीएल की ओर से दी गई है।



**बड़ी संख्या ऑटो, टैक्सी सीएनजी का इस्तेमाल करती हैं**

पूरे मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में एक बड़ी संख्या ऑटो, टैक्सी और बस जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्हीकल डेली फ्यूल के लिए सीएनजी का इस्तेमाल करते हैं। सूत्रों का कहना है कि सीएनजी रेट में इस बढ़त के बाद ऑटो यूनियन भी किराए में दो रुपये बढ़ाने की मांग करेंगे। मुंबई रिक्शा मेस यूनियन लीडर थम्पी कुरीन ने कहा, 'हमने पहले सरकार के लीविंग इंडेक्स के लिए जरूरी फ्यूल, मेंटनेंस और अन्य की लागत पर आधारित पैमाने के बारे में सोच- विचार किया है। सीएनजी कीमत में इस बढ़त के बाद हम मेट्रोपॉलिटन रीजन में ऑटो-रिक्शा के किराए को कम से कम दो रुपए बढ़ाने की मांग तो कर ही सकते हैं। सरकार के इस हाइक कैलकुलेशन फॉमूर्ले के अनुसार, इस क्षेत्र में ऑटो का किराया एक किलोमीटर के लिए 2.50 रुपये बढ़ना चाहिए।

# वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, 2 छात्रों की मौत



**मुंबई :** वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर भीषण कार दुर्घटना हुई है। विलेपार्ले में वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में दो कॉलेज छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान सार्थक कौशिक और जलज धीर के तौर पर हुई है, हादसे के समय दोनों कार की पीछे की सीट पर बैठे थे। दुर्घटना के समय कार की स्पीड 120 से 150 किमी प्रति घंटा थी। चालक के नियंत्रण खोने की वजह से यह हादसा हुआ।

कथित तौर पर शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा हो गया। अधिकारी ने बताया कि हादसा सुबह लगभग 4.30 बजे विले पार्ले में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर हुआ। उनकी कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें 18 वर्षीय दो युवकों की मौत हो गई। पीड़ित बांद्रा से गोरेगांव जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि आगे की सीट पर बैठे 18 साल के दो दोस्त जेडन जिमी और साहिल मेंडा घायल हुए बैठे थे। हादसे के समय साहिल गाड़ी चला रहा था। उसे पुलिस ने गिरफ्तार आर लिया है। अधिकारी बताया कि दुर्घटना के समय गाड़ी चला रहे आरोपी ने दावा किया है कि उसने शराब नहीं पी थी। हालांकि उसके खून का नमूना जांच के लिए भेजा गया। आरोपी ने दावा किया है कि एक्सप्रेसवे से जाना है या विलेपार्ले सर्विस रोड पर मुड़ना है, इसको लेकर भ्रम के कारण दुर्घटना हुई। आरोपी के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भिवंडी में अनाधिकृत निर्माण पर गिरा मनपा प्रशासन का गाज...

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी निजामपुर महानगर पालिका की हद में अनाधिकृत निर्माण की बाढ़ आ गई है जिसे हटाने को लेकर मनपा प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य ने सख्त आदेश दिया है जिसका सख्त रुख का असर शहर में तुरंत दिखने लगा, प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य ने अनाधिकृत निर्माण हटाने को लेकर समीक्षा बैठक में सभी वार्ड पदाधिकारियों को आड़े हाथों लिया था.



इसके प्रत्यक्ष परिणाम तत्काल दिखाई देने लगे हैं,आज प्रभाग समिति 4, के सहायक आयुक्त एवं प्रभाग अधिकारी सुनील भोईर, अपने कार्य क्षेत्र में, नारपोली मकान नंबर 853/0, सीताराम पाटिल के भवन के बगल में, नारपोली-2, भिवंडी, आरसीसी ग्राउंड प्लस वन फ्लोर के लिए अनाधिकृत रूप से सेंटरिंग के निर्माण पर जेसीबी द्वारा कार्रवाई की गई,उक्त अनाधिकृत निर्माण पर प्रभाग समिति नं. 4 कार्यालय द्वारा डी.पी.एल.नोटिस जारी किये गये थे बावजूद बिल्डर द्वारा अनाधिकृत निर्माण जारी था,आज मनपा की टीम अनाधिकृत निर्माण पर निष्कासन कार्यवाही रोहिदास दोरकुलकर की देखरेख में उपायुक्त (अनधिकृत निर्माण) प्रभाग अधिकारी सुनील भोईर, समिति नं. 4,बीट निरीक्षक अमोल वारघड़े, शहजाद अंसारी, सहित नगरपालिका कर्मचारियों के माध्यम से किया गया , संबंधित अधिकारियों ने बताया कि अनाधिकृत निर्माणों को हटाने की कार्वाई तेज की जाएगी। प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य ने आदेश दिया है. उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि शहर में कोई भी अनधिकृत निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## घर में घुसकर 30 लाख रुपये के आभूषण चुरा लिए...

# बोरीवली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गिरोह के दो लोगों को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई बोरीवली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो घरों में घुसकर आभूषण चुराते हैं। तीन सप्ताह पहले, उन्होंने बोरीवली में एक घर में घुसकर 30 लाख रुपये के आभूषण चुरा लिए थे। मुख्य आरोपी सलीम हबीब कुरैशी को 10 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। जांच में पता चला कि कुरैशी ने मध्य प्रदेश में कई हाई-प्रोफाइल हस्तियों और राजनेताओं के घरों में सेंध लगाई थी, जिसमें 2001 में गैंगस्टर छोटा राजन का घर भी शामिल है।

300 से अधिक घरों में सेंधमारी के मामलों वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गय इस गिरोह के सदस्यों के खिलाफ जयपुर, सूरत, उत्तर प्रदेश, हैदराबाद और पुणे जैसे कई शहरों में चोरी और घरों में सेंधमारी के कम से कम 295 मामले दर्ज हैं। एमआईटी के विशेषज्ञ-नेतृत्व वाले कार्यक्रम के साथ अत्याधुनिक एआई समाधान



बनाएँ अभी शुरू करें पुलिस ने कहा कि नवीनतम चोरी बोरीवली (पश्चिम) के मंडपेश्वर रोड पर सिल्वर गोल्ड बिल्डिंग में एक घर में हुई थी, जब मालिक 30 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच शहर से बाहर थे। कथित तौर पर लुटेरों ने अंदर घुसने के लिए सामने का दरवाजा तोड़ दिया। जब परिवार 4 नवंबर को घर लौटा, तो उन्होंने देखा कि उनकी अलमारियाँ तोड़ दी गई थीं और गहने गायब थे। उनकी शिकायत के आधार पर, बोरीवली पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की। इलाके के सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को हैदराबाद के रहने वाले 53 वर्षीय कुरैशी की पहचान करने में मदद मिली। पुलिस मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर खालापुर टोल प्लाजा में उसके स्थान का पता लगाने में सक्षम थी, जहाँ उन्होंने उसे गिरफ्तार कर लिया। कुरैशी की गिरफ्तारी से पुलिस को उसके दो अन्य साथी मिले, उत्तर प्रदेश के 48 वर्षीय इसरार अहमद कुरैशी और वडाला के 40 वर्षीय कबराली यादली शेख। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के घरों की तलाशी लेने पर 20 लाख रुपये के आभूषण बरामद हुए।

उन्हें एक कार भी मिली जिसका इस्तेमाल आरोपी इलाके की रेकी करने और ताला बंद घरों में सेंध लगाने के लिए करते थे। बोरीवली पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया, ''हमने तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने मुंबई और उसके आसपास और कितने घरों में सेंधमारी और लूटपाट की है।''

# नेरल में आइसक्रीम के ठेले के पास बिजली के तार के संपर्क में आने से 6 वर्षीय बच्ची की मौत



**मुंबई :** नवी मुंबई कर्जत के नेरल में आइसक्रीम के ठेले के पास बिजली के तार के संपर्क में आने से 6 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। आइसक्रीम स्टॉल पर 6 वर्षीय बच्ची की करंट लगने से मौत मृतक 20 नवंबर को अपने माता-पिता के साथ सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता के पास गई थी, जब वह रात 11.45 बजे बिजली के तार के संपर्क में आई और करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

इस घटना को शुरू में आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट के रूप में दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में तथ्यों का पता लगाने के बाद, नेरल पुलिस ने आइसक्रीम विक्रेता जाबिर अनीस नाजे (38) और उस कार्यालय के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया, जहाँ से विक्रेता ने अपने ठेले के लिए अवैध रूप से बिजली प्राप्त की थी, मोहम्मद हुसैन अब्दुल गफ्फूर (52)। ''विक्रेता प्लग की मदद से कनेक्शन सुरक्षित करने में विफल रहा और इसके बजाय उसने दो खुले तारों को सीधे सॉकेट में डाल दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक उनमें से एक तार के संपर्क में आया था।

# लालबाग में ट्रक से कुचलने से डिलीवरी करने वाले व्यक्ति की मौत !



**मुंबई :** मुंबई लालबाग में एक 26 वर्षीय डिलीवरी करने वाले व्यक्ति की मौत हो गई, जब उसका वाहन एक ट्रक के टायर के नीचे आ गया। ड्राइवर मौके से भाग गया, लेकिन बाद में उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। ट्रक के कुचलने से डिलीवरी करने वाले व्यक्ति की मौत कालाचौकी पुलिस के अनुसार, यह घटना दोपहर करीब 2:15 बजे संत ज्ञानेश्वर ब्रिज पर हुई, जो चिंचपोकली रेलवे स्टेशन के पास आर्थर रोड जेल को लालबाग से जोड़ता है।

मृतक शंकर अप्पा येरुर होंडा एक्टिवा से धारावी में अपने घर की ओर जा रहा था। ट्रक ड्राइवर धम्मा प्रसाद (50) अपने ट्रक में स्क्रैप लेकर दारुखाना जा रहा था। दोनों वाहन लालबाग की ओर जा रहे थे, साथ-साथ चल रहे थे। प्रसाद पुल के बाईं ओर से तीखा मोड़ लेना चाहता था। ऐसा करते समय, वह खतरनाक तरीके से येरुर के स्कूटर के करीब आ गया और उससे टकरा गया। कालाचौकी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया, ''स्कूटर चालक ट्रक के पिछले हिस्से के बाएं टायर के नीचे आ गया और कुचल गया।'' पुलिस ने येरूर को केईएम अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# रश्मि शुक्ला को महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में फिर से नियुक्त...

**मुंबई :** आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को सोमवार को महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है। इससे पहले, 4 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने उनका तबादला कर दिया था। यह घटनाक्रम चुनाव आयोग द्वारा महाराष्ट्र डीजीपी के पद से रश्मि शुक्ला को तत्काल स्थानांतरित करने के आदेश के कुछ दिनों बाद हुआ है। चुनाव निकाय ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे कैडर में अगले सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को उनका कार्यभार सौंप दें। महाराष्ट्र में चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन की शानदार जीत के साथ संपन्न हुआ। गठबंधन ने राज्य विधानसभा की 288 सीटों में से 230 सीटें जीतीं।



चुनाव आयोग द्वारा घोषित परिणामों में बताया गया कि भाजपा ने 132 सीटें जीतीं, जबकि उस के सहयोगी दलों - मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 सीटें हासिल कीं और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें जीतीं। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को बड़ा झटका लगा। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीतीं; कांग्रेस ने 16 और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) को सिर्फ 10 सीटें मिलीं। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान के बीच, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी प्रमुख अजीत पवार के आज रात

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार, महाराष्ट्र में सरकार गठन पर चर्चा करने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मिलने से पहले तीनों राष्ट्रीय राजधानी में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे। चल रही चचाओं के बीच दो बार के मुख्यमंत्री और मौजूदा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को तीसरी बार शीर्ष पद पर काबिज होने के प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, शिवसेना के नेता इस बात पर जोर दे रहे हैं कि एकनाथ शिंदे को ही मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए।

# भायंदर : तीन बहनें आठ दिन से लापता




**भायंदर :** भायंदर (पश्चिम) स्थित मैक्सिस मॉल के पास से एक परिवार की तीन लड़कियां लापता हैं। यह तीनों लड़कियां संगी बहनें हैं, इनका नाम सोनल राजपुरोहित (26), रेणुका राजपुरोहित (23) एवं मानसी राजपुरोहित (21) है। यह तीनों लड़कियां 18 नवम्बर को सुबह अपने घर से निकली थी, इसके बाद इनकी कोई जानकारी नहीं है। इन तीनों की लापता होने की रिपोर्ट भाईंदर पुलिस स्टेशन मे दर्ज कराई गयी है। पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर यह तीनों बहनें इसके पहले भी घर से गायब हो चुकी हैं, हालांकि इनके गायब होने का कारण अभी तक ज्ञात नही हो पाया है।

# मुंबई-गोवा हाईवे पर काशेदी घाट सुरंग यातायात के लिए अस्थायी रूप से बंद!




**मुंबई:** मुंबई-गोवा हाईवे पर काशेदी घाट सुरंग को यातायात के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसलिए, मुंबई से गोवा और गोवा से मुंबई जाने वाले यातायात को काशेदी घाट से डायवर्ट किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग अभियंता पंकज गोसावी ने बताया कि काशेदी सुरंग की ओर जाने वाले पुल के गर्डर शिफ्टिंग का काम चल रहा है और इस काम के दौरान सुरंग से यातायात को 15 दिनों के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है ताकि आने-जाने वाले वाहनों को कोई खतरा न हो।

काशेदी सुरंग का निर्माण मुंबई-गोवा हाईवे पर काशेदी घाट के विकल्प के रूप में किया गया है। इसलिए पोलादपुर से खेड़ की दूरी महज 20 मिनट में पूरी करना संभव है। लेकिन सुरंग से यातायात शुरू करने के बाद कई बार किसी कारण से सुरंग हमेशा बंद रहती है। इसलिए वाहन चालकों को काशेदी घाट के वैकल्पिक मार्ग से यात्रा करनी पड़ती है। वर्तमान में कई वर्षों से घाट मार्ग की मरम्मत न होने के कारण घाट मार्ग से परिवहन करना मुश्किल हो गया है। देखा गया है कि कई जगहों पर गड्ढे हैं और कुछ जगहों पर सड़क के किनारे बनी नालियाँ भी खराब हैं। इसलिए इस घाट रोड पर रात में यातायात खतरनाक हो गया है। इसलिए कशेड़ी में इस सुरंग का काम जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

# बेरहमी से मारे गए सचिन कुर्मी का परिवार मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने पर कर रहा है विचार

**मुंबई :** मुंबई अक्टूबर में भायखला में बेरहमी से मारे गए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के पदाधिकारी सचिन कुर्मी का परिवार मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने पर विचार कर रहा है, क्योंकि वे मुंबई पुलिस की अब तक की जांच से संतुष्ट नहीं हैं। मृतक एनसीपी पदाधिकारी सचिन कुर्मी की पत्नी अनुपमा। पुलिस ने अब तक हत्या के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है- आनंद काले, विजय काकड़े और प्रफुल्ल पाटकर। बाद में कुर्मी के परिवार द्वारा एनसीपी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और वरिष्ठ नेता छगन भुजबल से मुलाकात के बाद मामला अपराध





शाखा को सौंप दिया गया।

एमआईटी के विशेषज्ञ-नेतृत्व वाले कार्यक्रम के साथ अत्याधुनिक एआई समाधान बनाएं अभी शुरू करें हालांकि, कुर्मी के परिवार के सदस्यों का दावा है कि उन्होंने पुलिस को चार अन्य लोगों के नाम दिए थे, जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्होंने हत्यारों को सचिन की हत्या की सुपारी दी थी। परिवार ने दावा किया कि पुलिस ने चारों लोगों से पूछताछ भी नहीं की है क्योंकि वे दूसरी सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनका पीछा किया जा रहा था।

5 अक्टूबर को, एनसीपी के बायकुला डिवीजन के एक नेता सचिन कुर्मी को तीन अज्ञात हमलावरों ने कम से कम 20 बार चाकू मारा, जब वह रात के खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे। कुर्मी, जिन्हें मुन्ना के नाम से भी जाना जाता है, को जेजे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कुर्मी की पत्नी अनुपमा ने कहा, ''हमने चार लोगों के नाम बताए थे, जिनमें से एक दूसरी सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़ा था और उसके दो सहयोगी थे, जिन्होंने मुन्ना को कई बार धमकाया था।'' ''मुन्ना ने उनके खिलाफ एक गैर-संज्ञेय शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन उन्होंने एफआईआर दर्ज नहीं की क्योंकि उन्होंने माफी मांग ली थी। वही लोग अब हमारे परिवार के सदस्यों का पीछा कर रहे हैं ताकि हमारी गतिविधियों पर नजर रख सकें और हमें पुलिस के साथ मामले को आगे न बढ़ाने की धमकी दे रहे हैं।''

# 45 वर्षीय व्यक्ति को मुंबई एयरपोर्ट में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार...

**मुंबई:** सहार पुलिस ने 20 साल से अमेरिका में रह रहे भारत के एक विदेशी नागरिक 45 वर्षीय व्यक्ति को अपनी प्रेमिका को विदा करने के लिए मुंबई एयरपोर्ट में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एफआईआर के अनुसार, घटना रविवार आधी रात को हुई जब आरोपी टेरेंस सलदान्हा ने सुरक्षा कर्मियों के सामने मुंबई-पेरिस का टिकट दिखाकर गेट 7 से एयरपोर्ट में प्रवेश किया। हालांकि, बाद में उसे एयर फ्रांस के कर्मचारियों ने पकड़ लिया, जिन्होंने उसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंप दिया



और कहा कि उसका टिकट रद्द कर दिया गया है और वह एयरपोर्ट से बाहर निकलना चाहता है।

सीआईएसएफ को संदेह हुआ और उसने जांच की, जिसके बाद यह बात सामने आई कि सलदान्हा ने रद्द टिकट का इस्तेमाल करके एयरपोर्ट में प्रवेश किया था। पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि उसने 29 अगस्त को टिकट बुक किया था और 21 नवंबर को इसे रद्द कर दिया था। आगे की जांच में पता चला कि वह अपनी प्रेमिका मारियाना एंड्रेड को विदा करने के लिए अवैध रूप से एयरपोर्ट में प्रवेश किया था, जो पेरिस के लिए उड़ान भर रही थी। पुलिस को सलदान्हा के पास से यूएसए का पासपोर्ट मिला, जो अमेरिका में शिक्षक है। कुछ महीने पहले वह कलिना में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से मिलने भारत आया था।

# नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार



**मुंबई:** एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में शनिवार को बोरीवली में एमएचबी कॉलोनी पुलिस ने 78 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जब पीड़िता खेल रही थी तो आरोपी ने उसे पास बुलाया और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। आरोपी के खिलाफ यौन शोषण से बच्चों का संरक्षण (ढडउरड) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता 10 साल की बच्ची यह कहकर घर से निकली थी कि वह खेलने जा रही है. वह घर के पास खेल रही थी तभी 78 साल के आरोपी ने उसे बुलाया. उस समय जब वह आरोपी के पास पहुंची तो उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। तो पीड़िता डर गई. वह घर आई और अपनी मां को आपबीती बताई। इस मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का फैसला किया. तदनुसार, वह एमएचबी पुलिस स्टेशन गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# घर बैठे पसंदीदा वाहन नंबर प्राप्त करने की सुविधा...

**मुंबई:** लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर नया वाहन खरीदने के बाद अब आरटीओ की ओर से ऑनलाइन आकर्षक वाहन नंबर लेने की सुविधा पूरे राज्य में शुरू होने जा रही है. इसलिए, पसंदीदा वाहन नंबर को घर बैठे पंजीकृत किया जा सकता है। राज्य सरकार द्वारा सितंबर 2024 में जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य सरकार ने एचवीआईपी वाहन नंबरों की कीमत में वृद्धि की घोषणा की है। इसलिए, वाहन मालिकों को अधिक भुगतान करना होगा और अपना पसंदीदा वाहन नंबर पंजीकृत कराना होगा। पसंदीदा वाहन नंबर की खरीदारी पिछले साल की तुलना में कम हुई है. लेकिन, आमदनी बढ़ी है.

# सड़क हादसा: बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत!

**ठाणे :** गैबीनगर में सोमवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में 63 वर्षीय जुबेदा गुलशन की मौत हो गई। स्कूल बस टल्र 43 ल्र 1610 के ड्राइवर इरफान हैदर अफसर हुसैन जयदी (41) ने सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि महिला बस के टायर के नीचे आ गई, जिससे उनकी मौके पर ही




मौत हो गई। मृतक के बेटे अलीम गुलशेर खान निवासी गुलजार नगर, ने शांतिनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्र- वाई करते हुए ड्राइवर इरफान हैदर को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय नागरिकों ने इस हादसे के लिए केवल ड्राइवर को नहीं, बल्कि फुटपाथ पर कब्जे और प्रशासन की लापरवाही को भी जिम्मेदार ठहराया है। फुटपाथ पर ठेलेवालों का कब्जा होने के कारण पैदल चलने वाले लोगों को मजबूरी में सड़क पर चलना पड़ता है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani